पत्रिका

# Rajasthan: अचानक खाद गोदाम पर छापा मारने पहुंची टीम तो भागे कर्मचारी, बिना अनुमति के हो रही थी बिक्री



Kota News: राजस्थान में नकली उर्वरक निर्माताओं के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के तहत कोटा में शनिवार देर रात कृषि विभाग की टीम ने एक उर्वरक कम्पनी के गोदाम पर छापा मारा। कार्रवाई में बिना अनुमति उर्वरक बेचने और नकली उर्वरक होने की आशंका के चलते खाद को जब्त कर लिया और एफआईआर दर्ज करवाने की प्रक्रिया शुरू कर दी। यह कार्रवाई कोटा के संयुक्त निदेशक अतीश कुमार शर्मा के निर्देशन में की गई। 12 घंटे से भी ज्यादा समय तक कार्रवाई चली, जिसमें हजारों लीटर लिक्विड और हजारों किलो पाउडर उर्वरक जब्त किया गया।

Source: https://www.patrika.com/kota-news/big-action-against-fake-fertilizer-manufacturers-in-rajasthan-agriculture-department-team-raid-19752521